हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)
दूरभाष/Telephone : 01346 - 252143 (O)
ईमेल/Email : registrar.hnbgu@gmail.com

पत्रांक: हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰/प्रशासन/2021/2034 दिनांक: 01 / 11 /2021

परिपत्र/Circular (2034/2021)

विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक/नियत वेतन कर्मियों एवं विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मियों जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने के उपरान्त भारत सरकार से पेंशन आहरित कर रहे हैं, के परिचय पत्र (Identity/Health Card) बनाये जाने की स्वीकृति माननीय कुलपति महोदया के अनुमोदनोपरान्त प्रदान की जाती है।

कार्यालयादेश संख्या ग॰वि॰वि॰/प्रशासन/2021/1711 दिनांक 13.08.2021 के अनुसार उक्त वर्णित कार्मिकों एवं इनके पाल्यों (Dependents) को विश्वविद्यालय द्वारा अनुबन्धित चिकित्सा संस्थानों में C.G.H.S. दरों पर उपचार प्राप्त किये जाने की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन होगी कि सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा चिकित्सा उपचार के व्यय स्वयं वहन किये जायेंगे, जिसकी प्रतिपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य नहीं होगी।

अतः विश्वविद्यालय में कार्यरत उक्त सम्बन्धित कार्यरत दैनिक/नियत वेतन कर्मियों एवं विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मियों जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने के उपरान्त भारत सरकार से पेंशन आहरित कर रहे हैं, को सूचित किया जाता है कि वे इस परिपत्र (Circular) निर्गत तिथि से एक माह के अन्तर्गत वेबसाइट/पोर्टल www.marksure.in/hnbgu पर अपना वांछित विवरण अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव 01/XI/21

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रो॰ ए॰ए॰ बौड़ाई, परिसर निदेशक, एस.आर.टी. परिसर, टिहरी को इस आशय के साथ प्रेषित कि **सेवा निवृत्त कर्मियों के Identity Card/Health Card में बार कोड प्रिंट नहीं होगा**। कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार अपने अधीनस्थ समस्त विभागों को उक्त सूचना से अवगत कराने की कृपा करें।
3. परिसर निदेशक, चौरास/पौड़ी।
4. नियन्ता/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/ परीक्षा नियंत्रक/ मुख्य छात्रावास अधीक्षक/ अधिशासी अभियन्ता/ पुस्तकालयाध्यक्ष/ सुरक्षा अधिकारी/ जन संपर्क अधिकारी।
5. संयुक्त कुलसचिव/ समस्त उप कुलसचिव/ सहायक कुलसचिव/ अनुभाग अधिकारी/ प्रभारी, उपकार्यालय, देहरादून।
6. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से कि उक्त परिपत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर।
8. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
9. निजी सचिव, वित्त अधिकारी/ कुलसचिव।
10. विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड।
11. गार्ड फाइल।

कुलसचिव